होटल उद्योग की बजट में राहत देने की गुहार

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

बजट से पहले होटल इंडस्ट्री ने वित्त मंत्रालय को सौंपी अपनी मांगों में टैक्स से राहत देने और आर्थिक राहत से जुड़ी डेडलाइन बढ़ाने जैसी बातें प्रमुखता से रखी हैं। इडस्ट्री के मुताबिक सरकार को होटल और टूरिज्म से जुड़े क्षेत्रों को नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन में शामिल करना चाहिए। होटल इंडस्ट्री ने वित्तमंत्री से अपील की है कि बैठकों और कॉन्फ्रेंस को बढ़ावा दिया जाए ताकि कारोबार में सुधार होने शुरू हो सके।

फेडरेशन आफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन आफ इंडिया ने एक बयान में कहा कि हॉस्पिटैलिटी उद्योग को इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री का स्टेटस देने की मांग को फिर से दोहराया गया है। इसके अलावा ये भी मांग की गई है कि सरकार घरेलू टूरिज्म को खास टैक्स छूट दे ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा घूम फिर सकें और महामारी से पस्त पड़े उद्योग में जान लौटे।